रांची में 10 हजार छात्र-छात्राओं को सीएस कोर्स से जोड़ा जाएगा : मेहता

एजुकेशन रिपोर्टर | रांची

द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया रांची में 10 हजार स्टूडेंट्स को सीएस (कंपनी सेक्रेटरीज) कोर्स से जोड़ेगा। इसके लिए रांची में फुलटाइम क्लास रूम प्रोग्राम शुरू करने की योजना है। कंपनी सेक्रेटरीज रांची चैप्टर के स्थाई कार्यालय के लिए स्थल का चयन किया जा रहा है। छह माह में यह बनकर तैयार हो जाएगा। उक्त जानकारी द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट अतुल एच मेहता ने दी। वे शनिवार को रांची में पत्रकारों से बात कर रहे थे। मेहता ने कहा कि कंपनी एक्ट में नए प्रावधान आने के बाद से सीएस की भूमिका बढ़ गई है। उन्होंने कहा हर लिस्टेड कंपनी में सीएस जरूरी है। लेकिन जागरूकता के अभाव में स्टूडेंट्स सीएस कोर्स के प्रति रुचि नहीं दिखा रहे हैं। मौके पर एआईआरसी की चेयर पर्सन सुनीता मोहंती और आईसीएसआई रांची चैप्टर के राजीव रंजन उपस्थित थे।

आईआईएम से होगा एमओयू

मेहता ने कहा कि सीएस के कुछ पेपर मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स भी क्लियर कर सके, इसके लिए आईआईएम रांची से एमओयू की तैयारी है। इस संबंध में शनिवार को आईआईएम प्रशासन के साथ मोहंती की वार्ता भी हुई। मेहता ने कहा कि आईसीएसआई आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को स्कॉलरशिप भी देती है। आईसीएसआई ने एक एप भी जारी किया है, जिसके माध्यम से कोर्स की ऑनलाइन जानकारी मिलेगी।